हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन पुतला दहन कर जताया...



07 चमत्कार नहीं भक्ति पर विश्वास करो, तभी ईश्वर...





## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 25 दिसंबर को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए, 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 एवं 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए, 29 नवंबर को 4240 रुपए और 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था।

### कांटे के मुकाबले में सीहोर बाइज-सीहोर क्लब 1-1 पर ड्रा

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के खिलाड़ियों को मंच देने के लिए जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में गुरुवार से चर्च मैदान पर आरंभ हुए जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला मैच कांटे का रहा। इस मैच में सीहोर बाइज और सीहोर क्लब की टीम 1-1 से बराबरी पर रही। गुरुवार की शाम को प्रतियोगिता के अंतर्गत एक ही मैच खेला गया था। जिसमें सीहोर बाइज की ओर से लक्की सूर्यवंशी और सीहोर क्लब की ओर से रोहित ने एक गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने कहाकि शुक्रवार की शाम को दो मैच खेले जाऐंगे। इसमें पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर ग्रीन और दूसरा मैच सीहोर गर्ल्स-सीहोर रेड के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अनिल पारे ने किया। इस मौके पर नेशनल रेफरी विजेन्द्र परमार, बाक्सिंग में पदक प्राप्त करने वाली प्रतिज्ञा कुशवाहा और रेखा कुशवाहा का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मनोज कन्नोजिया, राजा शर्मा, विपिन पवार, अरुण राठौर आदि शामिल थे।

### ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर रखा जाए विशेष ध्यान: कलेक्टर

# पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा खारी गांव, पर्यटकों का हो ग्राम होम स्टे

### कलेक्टर ने खारी ग्राम के होम स्टे का किया अवलोकन, होम स्टे संचालकों से चर्चा की, देखी व्यवस्थाएं और सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले का खारी ग्राम होमस्टे पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण संस्कृति और स्थानीय आतिथ्य के कारण यह होमस्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

कलेक्टर बालगुरुके ने खारी ग्राम स्थित होमस्टे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने होमस्टे की व्यवस्थाओं, पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता की जानकारी ली। कलेक्टर ने होमस्टे संचालकों चर्चा करते हुए कहा कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि होमस्टे से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जिले की पर्यटन संभावनाओं को और विस्तार मिल सके।

#### क्या है स्टे पर्यटन

मध्यप्रदेश को अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। अब हमारा यही प्रदेश एक नए प्रयोग से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है, जिसका नाम है होम स्टे पर्यटन। होम स्टे पर्यटन का अर्थ है कि पर्यटक किसी होटल के बजाय स्थानीय लोगों के घर में ठहरते हैं। इससे उन्हें न केवल घर जैसा वातावरण मिलता है, बल्कि वे स्थानीय संस्कृति, भोजन, लोककला और परंपराओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित भी हो पाते हैं।

#### खारी गांव होम स्टे पर्यटन के नक्शे पर

मध्यप्रदेश पर्यटन ने होम स्टे योजना की शुरुआत कर स्थानीय युवाओं और परिवारों को इस क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास किया है। इसके तहत सीहोर जिले के खारी गांव सहित भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो, ओरछा, मांडू, पचमढ़ी, पन्ना, कान्हा और बांधवगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों के आस-पास तेजी से होम स्टे विकसित हो रहे हैं। सीहोर जिले का खारी गांव आज ग्रामीण होम स्टे पर्यटन का एक उदाहरण बन चुका है। यहाँ लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोल रहे हैं।

#### सादगी, आत्मीयता और प्राकृतिक सौंदर्य

पर्यटक यहाँ ठहरकर ग्रामीण जीवन, खेत-खलिहान, पारंपरिक खानपान और लोक संस्कृति का आनंद ले रहे हैं। कई पर्यटकों ने बताया कि खारी गांव की सादगी, आत्मीयता और प्राकृतिक सौंदर्य उन्हें पसंद आ रहा है। यही सौंदर्य अब विदेशी पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गाँव की महिलाएं अपने पारंपरिक व्यंजन जैसे दाल-बाटी, मिठाई, चाय और पारंपरिक व्यंजन परोसकर पर्यटकों का स्वागत करती हैं। गांव के युवा गाइड बनकर गाँव की कहानी, खेती-किसानी की जानकारी और लोकगीतों का अनुभव कराते हैं।

#### बड़े होटलों के मुकाबले सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल

होम स्टे मॉडल बड़े होटलों के मुकाबले पर्यावरण के अनुकूल है और महिलाएँ एवं युवा आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। आज मध्य प्रदेश में होम स्टे पर्यटन एक सफलता की कहानी बन चुका है। यह न केवल पर्यटन उद्योग को नई दिशा दे रहा है, बल्कि गाँव-गाँव में आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही हमारी प्राचीन गौरवशाली सांस्कृति को देश-दुनियां के सामने प्रस्तुत भी कर रहा है। विशेष रूप से सीहोर का खारी गांव इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और अवसर मिले तो छोटा सा गाँव भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकता है।

#### स्थानीय रोजगार को बढ़ावा और संस्कृति का प्रचार

होमस्टे पर्यटन से खारी गांव में स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिला रहा है और यहां के परिवारों को आय का स्त्रोत मिला गया है। होम स्टे पर्यटन स्थानीय स्तर पर रोजगार तो उपलब्ध करा ही रहा है, बल्कि यह हमारी और हमारे प्रदेश की सांस्कृति का संरक्षण और प्रचार भी कर रहा है। हमारी लोककला, संगीत, नृत्य और पारंपरिक खानपान को नई पहचान मिल रही है।

## विराट हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन ध्वजारोहण क्षेत्र की 11 कॉलोनियों के लिए हो रहा है भव्य आयोजन

**सीहोर।** बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए गुरूवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में साधु संतों हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों की विशेष उपास्थित में भूमिपूजन और ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि हिन्दु संगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने और हिन्दू सामाज की सामुहिक शक्ति का प्रकटीकरण के लिए विराट हिन्दू सम्मेलन अति आवश्यक है।

विश्वहिन्दु परिषद बजरंगदल प्रमुख जगदीश कुशवाहा से बताया कि ब्रह्मपुरी बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन आगामी 4 जनवरी रविवार को आयोजित किया गया है। महाआयोजन को लेकर बजरंग अखाड़ा नदी चौराहा से सुबह 11 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी। कलश यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मांर्गो से होकर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा के बाद भोजन प्रसादी दांगी पैलेस में रहेगा।



नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता ने बताया कि ब्रहापुरी बस्ती मोहल्ले में बडिय़ाखेड़ी, पटेल कॉलोनी, पार्टी, अंजनी धाम, कोलीपुरा ब्रह्मपुरी, देवनगर, इन्द्रानगर, डी.डी. स्टेट, गुलाब विहार, ऑफिसर कॉलोनी सम्मिलित है यही के नागरिकों के लिए मूल रूप से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में सकल हिंदू सह परिवार सादर आमंत्रित रहेंगे।

## न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, स्वास्थ्य विभाग ने शीतलहर को लेकर एडवाइजरी जारी की

### बंद कमरे में अंगीठी-कोयला जलाने से बचें

**सीहोर।** जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दो सप्ताह से सीहोर शीतलहर की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से स्थानीय संचार माध्यमों के जरिए मौसम पूर्वानुमान की नियमित जानकारी लेने और निर्देशों का पालन करने को कहा है। ठंड के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है।



#### ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें

एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें और सिर, गर्दन, हाथ व पैरों को पूरी तरह ढककर रखें। लंबे समय तक ठंड में बाहर न रहने की हिदायत दी गई है।

विटामिन-सी और गर्म तरल पदार्थ लेने की अपील

विभाग ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियां खाने और गर्म तरल पदार्थ पीने की सलाह दी है। आसपास रहने वाले बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

#### इन लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक से खून आना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है।

#### बंद कमरे में अंगीठी कोयला जलाने से बचें

स्वास्थ्य विभाग ने बंद कमरों में अंगीठी, फायर पॉट या कोयले के इस्तेमाल से सख्त चेतावनी दी है। इससे कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा होता है, जो जानलेवा हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट मेडिकल इमरजेंसी** :शीतलहर के दौरान त्वचा का सफेद पड़ना फ्रॉस्टबाइट का संकेत हो सकता है। कपकपी, मांसपेशियों में अकड़न, बोलने में दिक्कत, अत्यधिक नींद, सांस लेने में परेशानी या बेहोशी हाइपोथर्मिया के लक्षण हैं। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म कपड़े पहनाकर गर्म स्थान पर रखें और हालत बिगड़ने पर फौरन अस्पताल ले जाएं।

एडवाइजरी में शराब सेवन न करने, फ्रॉस्टबाइट से प्रभावित अंगों को न रगड़ने और बेहोश व्यक्ति को तरल पदार्थ न पिलाने की स्पष्ट सलाह दी गई है।

### ऑल सेंट्स चर्च, एशिया के सुंदर चर्चों में:1834 में बना, 1860 में पहली प्रार्थना सभा, क्रिसमस पर विशेष प्रार्थना हुई




**सीहोर।** ऑल सेंट्स चर्च को एशिया के सबसे सुंदर चर्चों में गिना जाता है। क्रिसमस पर्व के मौके बुधवार सुबह 10 बजे यहां विशेष प्रार्थना हुई। श्रद्धालु प्रभु यीशु के जन्म का उत्सव प्रेम, शांति और सेवा के संदेश के साथ मना रहे हैं।

इस ऐतिहासिक चर्च का निर्माण साल 1834 में जेडब्ल्यू ओसबार्न ने अपने दिवंगत भाई की याद में करवाया था। पूरे 27 वर्षों की मेहनत के बाद यह भोपाल रियासत का पहला चर्च बनकर तैयार हुआ। सीवन नदी के किनारे स्थित इस चर्च में पहली प्रार्थना सभा साल 1860 में आयोजित की गई थी। तब से यह मसीही समाज के लिए आस्था और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है।

**भव्य वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य** : ऑल सेंट्स चर्च की वास्तुकला स्कॉटलैंड के चर्चों से प्रेरित है। इसकी लाल पत्थरों की दीवारें और नक्काशी स्कॉटिश शैली की झलक देती हैं। चारों ओर लगे बांसों के झुरमुट इसकी प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं।

**क्रिसमस पर विशेष आयोजन और सजावट हुए** : क्रिसमस पर्व पर चर्च परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट से सजाया जाता है। श्रद्धालु यहां सुबह से लेकर मध्यरात्रि तक प्रार्थनाओं और सामूहिक पूजा में शामिल होते हैं। चर्च की भव्यता देखने दूर-दूर से पर्यटक भी आते हैं।

## पाश्चात संस्कृति का बहिष्कार करने और भारतीय संस्कृति की रक्षा का करने को लिए गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तुलसी के पौधे का सामुहिक पूजन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पश्चात विदेशी संस्कृति का बहिष्कार करने और भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया। योग वेदांत सेवा संत आशाराम बापू आश्रम समिति द्वारा गुरूवार को तुलसी पूजन महोत्सव मनाया गया। वीडियो निर्देशन के माध्यम से श्रावक श्राविकाओं साधकों और श्रद्धालुओं के द्वारा माता तुलसी के पौधे का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नागरिको को तुलसी के पौधे और सद साहित्य वार्षिक सनातन त्यौहारों की जानकारी वाले केलेंडरों का वितरण भी किया गया।



योग वेदांत सेवा समिति अध्यक्ष केके विश्वकर्मा ने बताया कि संतश्री आशाराम बापू आश्रम के द्वारा देश की युवा पीढ़ी को विदेशी कुषित संस्कृति से बचाने और भारतीय सभ्य संस्कृतिक परपराओं के साथ तुलसी के औषधिय गुणों की जानकारी जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश भर के आश्रमों में तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजन अभिषेक पांडे ने तुलसी पत्ती की शक्ति से श्रद्धालुओं को अवगत कराया और तुलसी पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा सत्संग संतश्री आशाराम बापू आश्रम समिति के सरंक्षक समाजसेवी सुदर्शन राय,बाबूलाल मिस्त्री,कुलभूषण बग्गा, कमल महौर नंदू महाराज,अभिषेक पांडे अंकित भाटी, महेश प्रजापति एवं महिलाए बच्चे शहर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक शामिल रहे। सामुहिक आरती और प्रसादी वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

### 1 करोड़ 50 लाख की लागत से कई सड़कों का होगा डामरीकरण

# कायाकल्प योजना में सड़कों का डामरीकरण नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने लिया कार्य का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है। इसके लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं और कार्य तेजी से चल रहे हैं। गुरुवार को सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के बड़ा बाजार में जारी डामरीकरण का जायजा लिया और डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। शहर के छावनी में कायाकल्प योजना के अंतर्गत मेन रोड, खजांची लाइन आदि मार्गों का डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। छावनी निवासी महेश पारिक ने कहाकि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शहर के अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शहर की हृदयस्थली बड़ा बाजार में डामरीकरण कार्य चल रहा है। निःसन्देह बड़ा बाजार को डामरीकरण की बहुत आवश्यकता थी,, बस अब इसका सौंदर्यीकरण और हो जाये तो हमारे बाजार की शोभा और बढ़ जाएगी। डामरीकरण कार्य का जायजा लेने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पार्षदों के साथ पहुंचे थे।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर में महानगर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे है। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलेगी।

वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख की लागत से अनेक सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



### उपभोक्ता दिवस पर दी अधिकारों व डिजिटल न्याय की जानकारी

**सीहोर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सभाकक्ष सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर योगेश दत्त शुक्ला, सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर सामेन्द्र सक्सेना, सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग सीहोर पूजा खनूजा, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल, लोक सेवा प्रबंधक विजय वामकले सहित उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने वाले विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं जिले के उपभोक्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत बनाए गए नवीन प्रावधानों एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उपभोक्ता न्यायालय में वाद दाखिल करने हेतु ई-दाखिल ऑनलाइन शिकायत प्रणाली तथा तकनीकी प्रक्रियाओं से आमजन को अवगत कराया गया, जिससे उपभोक्ता जागरूक होकर डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर सकें। शासन निर्देशानुसार आयोजन की थीम "डिजिटल न्याय के साथ सक्षम और त्वरित निष्पादन" रखी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नापतौल, हथकरघा, पंचायती राज, लोक सेवा प्रबंधन एवं खाद्य विभाग द्वारा गरिमापूर्ण एवं भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी।

### बदलते मौसम के बीच फसलों के बचाव करने की सलाह दी गई

**सीहोर।** वर्तमान मौसम में बदलाव को दृष्टिगत एवं मौसम में परिवर्तन तथा परिस्थिति को देखते हुए किसान भाइयों को सलाह दी जा रही है कि शीतलहर एवं तुषार के कारण पाले तथा पानी की संभावना वाले मौसम में शीतलहर के प्रति अति संवेदनशील फसलें जैसे सब्जी भाजी एवं चना, सरसों, टमाटर आदि फसलें के चारों ओर शाम के समय खेत के उत्तर पश्चिम दिशा में दुआ करें सिंचाई की उपयोगिता होने पर खेतों में हल्की सिंचाई करें। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि फसलों हल्की सिंचाई करें और सल्फर 80 प्रतिशत, 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें इसके साथ-साथ खेतों से खरपतवार होने पर निदाई गुड़ाई करवाएं जिससे खेत में वायु एवं प्रकाश पर्याप्त रूप से फसल को प्राप्त होती रहे और मौसम की विपरीत दिशाओं से फसल को सुरक्षा प्राप्त हो सके।

### नगर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# राष्ट्र सर्वोपरि की राजनीति के प्रतीक थे अटल बिहारी वाजपेयी : नपा अध्यक्ष

## सुशासन दिवस पर भैरूंदा में भावुक श्रद्धांजलि, अटल उद्यान में गूंजा भारत माता का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



देश, राष्ट्र और भारत माता के प्रति आजीवन समर्पण की मिसाल रहे भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर गुरुवार को भैरूंदा नगर में सुशासन दिवस श्रद्धा, संकल्प और राष्ट्रभाव के साथ मनाया गया। नगर के अटल उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की स्वच्छता कर माल्यार्पण किया और अटल जी की राष्ट्रवादी विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत "अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें" और "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, भैरूंदा मंडल के पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को नमन किया।

### सुशासन की मजबूत नींव रखी अटल जी ने

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने अपने संबोधन में कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना तक, तथा सुशासन से लेकर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तक अटल जी के फैसले भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने वाले रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी की राजनीति का मूल मंत्र राष्ट्रहित था, जिसमें किसान, मजदूर और आमजन सर्वोपरि रहे। गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी ऐतिहासिक पहल की गई, जिससे आज गांव-गांव सड़क से जुड़कर विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सका है। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी का "विकसित भारत" का सपना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। अटल जी का कवि हृदय, ओजस्वी वक्तृत्व और कुशल नेतृत्व उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बनाता है। उनकी कविताओं और रचनाओं में राष्ट्रभक्ति की अनुपम भावना आज भी युवाओं को प्रेरित करती है।




### भैरूंदा से जुड़ी हैं अटल जी की स्मृतियां

मारुति शिशिर ने भावुक होते हुए बताया कि वर्ष 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी का पहली बार भैरूंदा नगर की धरती पर आगमन हुआ था। उस समय वे स्वयं लगभग 12 वर्ष के थे। कार्यक्रम का संचालन उनके पिता मोहनलाल शिशिर ने किया था। जनसंघ के कार्यकर्ताओं के साथ शासकीय स्कूल मैदान में आयोजित उस सभा में जैसे ही अटल जी ने मंच से संबोधन प्रारंभ किया, तालियों की गड़गड़ाहट और कार्यकर्ताओं में जोश-उत्साह की नई ऊर्जा भर गई थी। सुशासन दिवस पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अटल जी की विचारधारा, संगठनात्मक सोच और "राष्ट्र प्रथम" के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस पर भैरूंदा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सुशासन, राष्ट्रचेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे।

## उपभोक्ता संरक्षण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश पटेल का किया स्वागत



**सीहोर।** देश के पटल पर उपभोक्ताओं के अधिकारों को संरक्षण देने वाली उपभोक्ता संरक्षण समिति के उपाध्यक्ष शैलेश पटेल को गत दिनों सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया गया। यह गर्व का विषय है कि हमारे शहर का नाम देश में रोशन करने वाले श्री पटेल आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर समिति का सम्मेलन करने जा रहे। गुरुवार को सैकड़ा खेड़ी पर समिति के जिलाध्यक्ष विष्णु सम्राट प्रजापति के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेमलता राठौर, हरिओम दाऊ आदि शामिल थे।

इस मौके पर उपभोक्ता संरक्षण समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि समिति के द्वारा पूरे देश में कार्यशालाओं का आयोजन कर यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत के बारे में सही जानकारी मिले। यह उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करता है और उन्हें अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ उचित कार्यवाही करने में मदद करता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हमारे सीहोर के है और अब नए सिरे से संगठन का पूरे देश में विस्तार किया जाएगा। इसके लिए शहर में आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों में जिले के सभी विद्यालयों के अलावा संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## चमत्कार नहीं भक्ति पर विश्वास करो, तभी ईश्वर के दर्शन होंगे:आचार्य पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी

**सीहोर।** जहां चमत्कार है, वहां पर भक्ति नहीं, आप जब भक्ति पर विश्वास करते है तो आपका जीवन सफल होता है और सच्ची श्रद्धा के बल पर ही भगवान के दर्शन होते है। सच्ची भक्ति आंतरिक आस्था और विश्वास पर आधारित होती है, न कि बाहरी चमत्कारों या भौतिक साक्ष्यों पर। इसका निहितार्थ यह है कि जब कोई व्यक्ति भक्ति के लिए चमत्कार की तलाश करता है, तो उसका ध्यान ईश्वर या आराध्य के प्रति समर्पण से हटकर अलौकिक घटनाओं को देखने या अनुभव करने पर केंद्रित हो जाता है।

उक्त विचार शहर के छावनी स्थित कुईया गार्डन में जारी तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा के अंतिम दिवस आचार्य पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी ने कहे। उन्होंने कहाकि हम सिर्फ कर्म और भक्ति कर ही भगवान के कृपा प्राप्त हो सकते है। इसलिए उसकी कृपा और उसकी दया के लिए कर्म और भक्ति का मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। नानी बाई का मायरा कथा के माध्यम से भगवान ने मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोने की शिक्षा दी हैं क्योंकि आज कलयुग में मनुष्य की सहन शक्ति खत्म होती जाती हैं। लोग छोटे से दुख और बात पर अपने जीवन को समाप्त करने को तैयार हो जाते हैं। जिस प्रकार भक्त नरसी ने सैकड़ों दुःखो को सहन करने के बावजूद भी अपना धैर्य नहीं खोया और स्वयं भगवान ने धरती पर आकर नानी बाई के यहां करोड़ों का मायरा भरा।



## जिस दौलत से अहंकार झलके, उसे तत्काल त्याग दो : संत गोविन्द जाने

**सीहोर।** जिस दौलत से अहम झलके, उसे फौरन त्याग दो, वह धन या संपत्ति जो किसी व्यक्ति में अहंकार पैदा करती है, उसे तुरंत छोड़ देना चाहिए, जो संपत्ति तुम्हें विनम्र बनाए उस धन से आपका वैभव हो सकता है। पांच विकार का धन बताया गया है। इसमें भगवान के नाम का स्मरण, अच्छे विचार का धन यह धन वो धन होता है, जिसके पास होता है, उसके पास लोगों का मेला लगा रहता है, जिसके पास अच्छे विचार है और श्रेष्ठ विचार है उनके पास आने वाला सुखी हो जाता हे, इसी प्रकार भजन करने का धन भी श्रेष्ठ है। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ सिंधी कालोनी में जारी श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ के दूसरे दिन संत श्री गोविन्द जाने ने कहे। सिंधी कालोनी में हर साल की तरह इस साल भी गोदन सरकार हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है।

कथा के दूसरे दिन उन्होंने कहाकि घर में धर्म को धारण करने का माध्यम है धर्म पत्नी जिसके धार्मिक कार्य के कारण विनाश नहीं होता है। हमारी वाणी में विनय होना चाहिए। लोग छोटी-छोटी बातों को भी बड़ा कर लेते हैं। कई वर्षों तक उसको अपने जहन में छुपाए रखते हैं, पर क्या आपको पता है कि दूसरा जन्म में भी मनुष्य का ही होगा। हम जो यहां पर व्यवहार करेंगे, उसका प्रभाव हमारी पीढ़ियों पर पड़ता है। इसलिए हमेशा द्वेष भाव छोड़कर दुश्मनों को भी मित्र बनाने की क्षमता होनी चाहिए। वैष्णव जन वह होता है जो खाने से पहले विचार करता है। विचार करता है कि गो माता को भोजन के लिए क्या खिलाया जाए। विचार करता है कि मेरी थाली में अच्छा भोजन है, परंतु कई घरों में गरीब के बच्चे रूखी-सूखी या आधी खाकर ही दिन निकाल रहे हैं। जब हमारे मन में करुणा भाव से किसी दूसरे व्यक्तित्व को खाने के बारे में सोचते हैं, तो हमारे अंदर से विष्णु जागृत होता है हमारी कथा सुनने का मार्ग सिद्ध हो जाता है और जीवन सार्थक होता है।



## बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल बुदनी द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध कथित नरसंहार, अत्याचार, मंदिरों के विध्वंस व जबरन धर्मांतरण की घटनाओं के विरोध में बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इन घटनाओं को वैश्विक मानवाधिकारों पर गहरा आघात बताया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाकर वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

साथ ही बांग्लादेश में हुई कथित घटनाओं की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष बाबा ठाकुर ने किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष यशवंत साहू, नगर महामंत्री अनुराग तिवारी, नगर महामंत्री कुबेर सिंह ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष सचिन मेहरा एवं राम गोस्वामी सहित संगठन के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## चुनौतियों का करेंगे सामना,अधिकारों के लिए लड़ेंगे एमपी बैंक मित्र संगठन ने बनाई जिला कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

परेशानियों का सामना कर रहे बैंक मित्रों ने शासन प्रशासन से अपनी मांग पूरी कराने के लिए संगठन विस्तार अभियान तेज कर दिया है। अम्बेडकर धर्मशाला में गुरूवार को आयोजित सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन ने जिला ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। महासम्मेलन का शुभारंभ विधायक सुदेश राय एवं बैंक मित्र संगठन जिलाध्यक्ष आरिफ खान के द्वारा किया गया।

जिला सचिव गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल सूर्यवंशी सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अतिथियों का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा बैंक मित्रों के हितों और भविष्य में आने वाली चुनौतियों सहित अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। सर्वसहमति से सीहोर ब्लाक अध्यक्ष राहुल मेवाडा,उपाध्यक्ष विशाल सोनी,सचिव भोला यादव, कार्यभार अध्यक्ष अरुण मालवीय,श्यामपूर ब्लाक अध्यक्ष विक्रम मेवाडा,उपाध्यक्ष रवि दांगी,सचिव उपेन्द्र राजपूत,कार्यवाहक आराम गुर्जर,आष्टा ब्लाक अध्यक्ष दोलत सिंह ठाकूर.उपाध्यक्ष अखिलेश चौरसिया,सचिव निहाल महेश्वरी,कार्यभार अध्यक्ष लखन सिह ठाकुर, जावर ब्लाक अध्यक्ष विनोद चौरसिया,उपाध्यक्ष मनोज पचलासिया,सचिव कुलदीप ठाकूर कार्यभार अध्यक्ष शैलेन्द्र पचलासिया को चुना गया। विधायक सुदेश राय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकरियों को बधाई दी। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बैंक मित्र शामिल रहे।




### विद्यार्थियों के शेयर मूल्य में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

# किताबी ज्ञान से कारोबार तक: सांदीपनि विद्यालय में सृजन के तहत व्यापार मेले ने रचा उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कॉमर्स संकाय द्वारा अभिनव व्यापार मेले का आयोजन किया गया, जिसने शिक्षा को व्यवहारिक धरातल पर उतारते हुए विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की नई समझ विकसित की। मेले में कॉमर्स संकाय की डमी कंपनी ने वास्तविक व्यापार का सफल संचालन किया, जिसमें 21 प्रतिशत का मुनाफा अर्जित हुआ, वहीं विद्यार्थियों के शेयर मूल्य में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

व्यापार मेले का औपचारिक शुभारंभ कॉमर्स संकाय के फाउंडर एवं पूर्व शिक्षक रामनारायण चौबे, पूर्व व्याख्याता संतोष पंवार तथा पूर्व प्राचार्य पी.एन. पेठारी ने रिबन काटकर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति, योजना और टीमवर्क की सराहना की।

सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान, गणित, कृषि, रिटेल, माध्यमिक एवं प्राथमिक विभागों की शैक्षणिक व रचनात्मक प्रदर्शनियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान खींचा, जहाँ बच्चों ने अतिथियों से संवाद कर साक्षात्कार लिए और रचनात्मक प्रश्नों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अतिथियों ने कहा कि यह व्यापार मेला किताबी ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव में बदलने का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय कौशल और रचनात्मक सोच को मजबूती देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि संस्था कौशल-आधारित शिक्षण की दिशा में सतत कार्य कर रही है। व्यापार मेले की सफलता का मूल्यांकन कर इसे भविष्य में और व्यापक रूप दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय कृषि संकाय के लिए CSR के अंतर्गत एक बड़े प्रोजेक्ट पर कार्यरत है, जिसके सफल होने पर कृषि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय देश के चुनिंदा सरकारी विद्यालयों में विशिष्ट पहचान बनाएगा।

कार्यक्रम के नोडल शिक्षक राधिका भावरेटा एवं रघुवीर सिंह राजपूत ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पालकों ने भी अपने विचार साझा किए। बसु ठाकुर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और संवाद कौशल को बढ़ाते हैं, जबकि अनिरुद्ध धावरे ने इसे भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी व्यावहारिक अनुभव बताया। चंद्रकांत वर्मा ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ सरकारी विद्यालयों की बदलती और सकारात्मक छवि को दर्शाती हैं।

विद्यार्थियों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्रा दीपाली मालवीय और छात्र प्रेम पंवार ने कहा कि व्यापार मेले ने कॉमर्स विषय को व्यवहारिक रूप में समझने का अवसर दिया और यह एहसास कराया कि शिक्षा कैसे जीवनोपयोगी बनती है।

कार्यक्रम का मंच संचालन संस्कृत में वेदांत तिवारी, अंग्रेज़ी में चाहत खान तथा हिंदी में श्रुति जयवंश और कृति बागवान ने किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक गणेश यादव ने आभार व्यक्त किया।




## जुए की फड़ पर छापा, 6 आरोपी गिरफ्तार 21 हजार 200 नगदी व ताश के पत्ते जब्त

**भैरुंदा।** अवैध गतिविधियों पर सख्ती के तहत भैरुंदा पुलिस ने बुधवार को जुए की फड़ पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। मौके से ₹21,200 नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशों के क्रम में की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुस्लिम मोहल्ला क्षेत्र में नूर खां के घर के पास नाले किनारे कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे व्यक्तियों को दबोच लिया। इस ऑपरेशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन का मार्गदर्शन रहा।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से कुल 21,200 नकद व ताश के पत्ते जब्त किए। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 682/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि अवैध जुए और सट्टे पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई, हितग्राहियों से रुपए मांगने का ऑडियो हुआ था वायरल

# आवास सत्यापन में रिश्वतखोरी! दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आवास योजना के तहत सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने के गंभीर मामलों में जिला पंचायत राजगढ़ (ब्यावरा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले ने कड़ा कदम उठाते हुए दो ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित ऑडियो रिकॉर्डिंग को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। आए दिन सरपंच सचिवों के रिश्वत मामले सामने आते रहते हैं जिन पर साक्ष्य के अभाव में कई बार कार्रवाई संभव नहीं हो पाती है।


कार्यालय जिला पंचायत-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्र./ 9980 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
--::आदेश::--
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर के पत्र क्रमांक/658/ पीएमएवाई-जी/ज.पं./2025 दिनांक 23.12.2025 के माध्यम से श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा दिनांक 23.12.2025 को व्हाट्सएप ग्रुप "ग्रामीण क्षेत्र की खबरें" में प्रसारित ऑडियो में किसी अन्य व्यक्ति से चेकर सत्यापन करने के एवज में राशि मांगे जाने के संबंध में चर्चा की जाने, ऑडियो में चेकर सत्यापन में 1000/- से लेकर 2000/- रुपये तक हितग्राही से लिए जाने के संबंध में स्पष्ट बोला जाने तथा ग्राम पंचायत आमलरोड़ में आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने के 10-10 हजार रुपये लेने संबंधी ऑडियो श्रवण से शासन की महत्वाकांक्षी योजना में भ्रष्टाचार करने का कृत्य प्रथम दृष्टया सिद्ध होने से शासन की छवि धूमिल होने के कारण श्री रामचन्द्र नागर सचिव के निलंबन की अनुशंसा की गई है।
श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर को उक्त कृत्य के लिये मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4(2)(क) एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 2011 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।
निलंबन काल में श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत-राजगढ़ (म.प्र.)
पृ.क्र./ 9981 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
प्रतिलिपिः-
1 आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2 संचालक सह-आयुक्त पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर की ओर सूचनार्थ।
4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर भेजकर 07 दिवस में अनिवार्यतः निलंबित सचिव श्री रामचन्द्र नागर के विरुद्ध आरोप-पत्रादि तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु।
5 खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6 सरपंच ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7 संबंधित श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।




### पहला मामला ग्राम पंचायत धामन्दा का

प्रथम प्रकरण ग्राम पंचायत धामन्दा, जनपद पंचायत सारंगपुर से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार सचिव रामचंद्र नागर द्वारा आवास सत्यापन के एवज में हितग्राहियों से 1000 से 2000 रुपये तक लेने की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नाम जोड़ने के लिए 10-10 हजार रुपये तक की मांग की जा रही थी। ऑडियो में राशि लेने की बात स्वीकार किए जाने से शासन की छवि धूमिल होने की स्थिति बनी। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सचिव रामचंद्र नागर को मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 एवं ग्राम पंचायत सचिव भर्ती व सेवा शर्त नियम 2011 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### दूसरा मामला ग्राम पंचायत आलमरोड का

दूसरा मामला ग्राम पंचायत आमलरोड़, जनपद पंचायत सारंगपुर का है। यहां सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला पर आरोप है कि आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये लेने की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राशि लेकर पात्रता के विपरीत नाम जोड़ने की स्वीकृति दी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके चलते सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन काल में उनका मुख्यालय भी जनपद पंचायत सारंगपुर निर्धारित किया गया है।

### दोष सिद्ध हुए तो होगी कड़ी कार्रवाई

दोनों मामलों में जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खंड पंचायत अधिकारी एवं सरपंचों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आमजनों की समस्याओं के निराकरण में देरी पर कलेक्टर की कार्रवाई

# ग्रामीणजनों के कार्यों में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ पटवारी सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन द्वारा बुधवार को खिलचीपुर-जीरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपल्याकुल्मी एवं रामगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ हल्का पटवारी के संबंध में ग्रामीणों से मिली शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने पटवारी ज्ञानसिंह अहिरवार को सस्पेंड करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले एवं जिलाधीश ने ग्रामीणजनों के साथ जमीन पर बैठकर सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं, शिकायतें एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए।

### 'समस्याओं का शीघ्र निराकरण हमारी प्राथमिकता'

शिविर के दौरान जिपं सीईओ डॉ. गढ़पाले ने गढ़पाले ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' पहल का उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा सके। इस अवसर पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन, नायब तहसीलदार माचलपुर रामनिवास धाकड़ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नाला निर्माण में लेवलीकरण का कार्य सही नहीं

**जीरापुर।** स्थानीय नवीन हाट बाजार तालाब परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नाला निर्माण कार्य चल रहा लेकिन नगर परिषद की उदासीनता अनदेखी के कारण नाला लेवलीकरण सही नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि नगर कि लम्बी चौड़ी शासकीय धरोहर लम्बे समय से विकास की बाट जोह रही थी जहां पर नगर परिषद के द्वारा तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट कार्य किया गया तथा साथ ही नाला निर्माण कार्य भी चल रहा है। विगत 5-7 सालों से तालाब समतलीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा बंधा हुआ था।

आखिरकार नगर परिषद के द्वारा कुछ अतिक्रमण हटा दिया गया। 1.17 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे इस परिसर समतलीकरण एवं नाला निर्माण में नाला का काम अधूरा है। जिससे स्थानीय रहवासियों के लिए बड़ी मुसीबत और गंदगी का कारण बना हुआ था, जिसे अब पूरा करने का रास्ता साफ किया गया।

## निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर खुजनेर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू पर अत्याचार होता है तो भारत का हिंदू समाज इसे कभी सहन नहीं करेगा देश के कोने-कोने में हिंदू समाज एकत्रित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में आवाज उठा रहा है जिसमें जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार, प्रखंड अध्यक्ष पवन , प्रखंड मंत्री गोविंद रुहेला, भगवान सिंह सोंधिया, दीपक यादव व बड़ी संख्या में खुजनेर गौ रक्षादल के कार्यकर्ता बजरंग दल एवं विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा,नारों के माध्यम से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।

## सांदीपनि स्कूल में मनाया सृजन उत्सव



**जीरापुर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सृजन उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी व विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालूसिंह तोमर रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों एवं पत्रकारों का साफा एवं उपरना पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि विद्यालय में 109 गाँवों के छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। जहां पर अतिथियों ने नवीन भवन का अवलोकन किया तथा यह तपोभूमि पर भवन निर्माण का श्रेय विधायक को जाता है।

मध्यप्रदेश में इस प्रकार के कई स्कूल है सामान्य स्कूल और सांदीपनी स्कुल में बहुत अन्तर शासकीय स्कूल में शिक्षा का जो स्तर कम हो रहा था मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सांदीपनि स्कूल के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्रदान किया है। जहां पर सम्पूर्ण व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए हैं। इस वर्ष भी यदि सीधे आवेदन से भर्ती होती तो पांच हजार विद्यार्थी स्कूल में प्रवेश पा सकते थे। विधायक दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांदीपनि स्कूल नाम क्यों रखा क्योंकि भगवान कृष्ण ने भी सांदीपनी स्कुल में शिक्षा दीक्षा प्राप्त की बच्चें भी इस स्कूल में पढ़कर राम कृष्ण के पद चिन्हों पर चलकर आगे बढ़ें, राजगढ़ जिले में जीरापुर के सांदीपनी स्कुल का नाम एक नम्बर पर है।

## छात्रों का हुआ सम्मान




**कुरावर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र नवीन मीणा व दीपक चंद्रवंशी ने वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं सर्वोच्च अंक से उत्तीर्ण की व दोनों छात्रों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। नवीन मीणा थल सेना में व दीपक चंद्रवंशी वायु सेना में चयनित हुए हैं। इन छात्रों ने लैपटॉप प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 85: से अधिक अंक प्राप्त कर 25000- 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। एवं नवीन मीणा ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश शासन की महती योजना अंतर्गत स्कूटी प्राप्त की है। छात्रों के भारतीय सेना में चयन होने पर बधाई दी।

बिना अनुमति स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग

## स्मार्ट मीटर के विरोध में नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**खुजनेर।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। ठेकदार द्वारा बिना सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे नगरवासियों में आक्रोश है। बुधवार को विद्युत विभाग सुपरवाइजर रवि बडोले व नायब तहसीलदार नीलम परसेंडीया खुजनेर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि वर्तमान में जो मीटर लगे हुए है बिजली कम्पनी द्वारा टेस्टेट मीटर लगाये हैं जो भी रीडिंग खपत होती है उसका हम लोग पूर्ण भुगतान करते है जो मीटर वर्तमान में लगे है वही लगे रहने दे और कम्पनी द्वारा कोई स्मार्ट मीटर न लगाया जाए, साथ ही हमारी बिना अनुमति के हमारे घरों व दुकानों पर स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की गई। जिसमें रामप्रसाद यादव अली मेव कमल पुष्पद अप्पू विश्वकर्मा मुबारिक खा महेश विश्वकर्मा गोवर्धन वर्मा हनीफ पठान सहित आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती मनाई

**कालापीपल।** कर्मचारी कॉलोनी चौक, कालापीपल में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म जयंती अटल सामाजिक संस्था अभ्युदय संस्थान के तत्वावधान में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रेरणादायी जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान एवं दूरदर्शी नेतृत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, नदी जोड़ो अभियान तथा भारत की सामरिक शक्ति को सुदृढ़ करने हेतु पोखरण में परमाणु परीक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णय अटल जी की दूरदृष्टि एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षक बद्रीलाल चौहान, भगवत सिंह वर्मा, जसमत सिंह राजपूत, पूर्व सैनिक हरिप्रसाद विश्वकर्मा, बैजनाथ पाटीदार, रामनारायण पाटीदार,



मोहन विश्वकर्मा, नितिन चौहान, अभिषेक राठौर, मनीष सिसोदिया, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मातृशक्ति की विशेष सहभागिता रही, जिनमें विमला राठौर, श्रीवास्तव, बिठौरे, सरिता शर्मा सहित अन्य महिलाएं एवं भारत के भविष्य नन्हे-मुन्ने बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अटल अभ्युदय संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वार्ड पार्षद श्रीमती अनीता राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन 27 को

**ब्यावरा।** विदिशा जिले का सिरोंज नगर 27 दिसंबर को मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के लिए एक ऐतिहासिक दिन का साक्षी बनेगा। जर्नलिस्ट्स



यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जम्प द्वारा यहां राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश भर से 500 पत्रकार साथी सम्मिलित होंगे। जिससे सिरोंज एक दिन के लिए प्रदेश की पत्रकारिता का केंद्र बन जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश सरकार के दो मंत्री, पांच विधायक एवं एक सांसद की उपस्थिति प्रस्तावित है। सत्ता, समाज और मीडिया के इस समागम को लोकतांत्रिक संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को एक साझा मंच प्रदान कर उनके अधिकारों, दायित्वों और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करना है। कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पत्रकारों का सिरोंज पहुंचना संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को दर्शाता है। सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र, विचार-विमर्श और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन के संचालन के पीछे जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना का नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## विहिप ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राजगढ़ नगर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया की हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है।

जिला मंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा प्रखंड मंत्री संतोष राणा प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू गोड प्रखंड सहसंयोजक प्रखंड चंदन गुर्जर बल उपासना प्रमुख हेमराज तंवर नगर मंत्री लोकेश शर्मा, मनोहर तंवर राहुल सेन देवीसिंह विश्वकर्मा सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन




**खुजनेर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 में अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर की टीम ने रस्साकसी सेमीफाइनल मुकाबले में सुसनेर को एवं फाइनल मुकाबले में खिलचीपुर को हराकर जीत हासिल की। प्राचार्य मनोहर जायसवाल एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## खेलो इंडिया अभियान के तहत श्री सत्य साईं स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल में खेलो इंडिया अभियान के तत्वावधान में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि लोटस इंटरनेशनल स्कूल पोलाय कला के संचालक राकेश पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य किरण जोशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मशाल प्रज्वलन के साथ खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आईपीएल थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सीनियर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति आधारित नृत्य ने महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य श्रीमती किरण जोशी, शिक्षक इमरान खान, शिखा शर्मा सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा, जिनकी अतिथियों ने प्रशंसा की।

पर्यटन विकास के तहत अधिकारियों ने लिए अहम निर्णय

## खोयरी, जल महल जैसी धरोहरों को सहेजने बनाई विस्तृत कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय एवं जिले के विभिन्न शहरों व क्षेत्रों में स्थित पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने एवं संरक्षण के उद्धेश्य से बुधवार को पर्यटन विकास योजना के तहत अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान पुरातत्व विभाग से सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे कलेक्टर डॉ. मिश्रा के साथ जिले में पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने अपने अनुभवों को सांझा किया। इस दौरान राजगढ़ स्थित खोयरी महादेव, घूमघाटी, नेवज नदी के मध्य स्थित जल महज सहित अन्य धरोहरों के संरक्षण, पहचान और पर्यटन मानचित्र पर उभारने की कार्ययोजना बनाई गई है। इन स्थलों की ऐतिहासिक विशेषताओं को संरक्षित रखते हुए आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही पुरातात्विक धरोहरों पर किए गए अतिक्रमण हटाने को लेकर भी ठोस रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत छत्री, बाग एवं किला पट्टा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को नियमानुसार हटाकर प्रभावित लोगों के प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि धरोहरों की मूल पहचान सुरक्षित रह सके। इसके अतिरिक्त बांसवाड़ा सीमांकन का कार्य भी योजना में शामिल किया गया है, जिससे संरक्षित क्षेत्र की स्पष्ट पहचान हो सके और भविष्य में अतिक्रमण की संभावनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### पुरातात्विक धरोहरों को मिलेगा नवजीवन

अधिकारियों द्वारा बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन से जिले की पुरातात्विक धरोहरों को नया जीवन मिलेगा। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजगढ़ पवन अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई




**जावर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई की जयंती अटल स्मृति वर्ष के रूप में जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया एवं उनकी जयंती पर अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन जावर मंडल में किया गया। वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ने अटल जी के जीवन एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के बारे में अपने विचार रखे कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, न प अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ,उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, शिवम सोनी ,महामंत्री राजा ठाकुर ,कमल सिंह ,अजाप सेठ ,कैलाश सोलंकी, दयाराम परिहार, पार्षद मदन विश्वकर्मा ,वीरेन्द्र ठाकुर ,कृपाल सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर ,राजू भावसार ,राजपाल सिंह ,सुनील लोधी, कृष्णपाल ठाकुर, गोविंदराम मालवीय ,पवन मालवीय आदि मौजूद रहे।

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर किया सम्मानित

**जावर।** स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर में सृजन कार्यक्रम से समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के द्वारा वर्ष में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षक और कर्मचारियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया सम्मानित कर्मचारियों में अकबर सिद्दीकी, मुनेंद्र सिंह तोमर, कमलेश खत्री, लोकेंद्र सिंह, सुजाता मालवीय, दरियाव सिंह, बंटी जाटव, स्वीटी कुम्भारे, कीर्ति शर्मा, पवन राठौर, समीम मंसूरी, रमेश चंद्र सेन, मनोज, बलवान, शामिल थे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने की अपील, सभी ने कहा पुलिस और प्रशासन अपना काम कर रहा

# शांति का संदेश देने जनप्रतिनिधि और धर्म गुरु आए आगे, नगरवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

बोले, बीदे दिनों हुई घटना के दोषियों को मिले सजा, लेकिन शहर की शांति बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



21 दिसंबर को रविवार की रात को हरदा से लौट रहे करणी सैनिकों और विशेष समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद से जहां तनाव की स्थिति पैदा हुई थी वही शांत शहर की फिजा में जहर घोलने का काम कुछ असामाजिक तत्वों ने किया था। वही हालत इतने बेकाबू हो गए थे की तीन जिलों की पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा था। लिहाजा पुलिस प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्यवाही से सुबह तक शहर में हालत सामान्य हो गए थे। वही बीते तीन दिनों से पत्थरबाजी करने वालों पर कार्यवाही को लेकर लगातार हो रहे धरना प्रदर्शन, नगर बंद से शहर में फिर से तनाव की स्थिति पैदा हो रही है ऐसे में शहर के नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं वही लड़ाई झगड़ों का भय सता रहा है ऐसे में अब नगर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और धर्म गुरुओं ने शहर वासियों को शांति का संदेश देते हुए शहर के सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### अफवाहों से दूर रहे, पुलिस,प्रशासन अपना काम कर रहा है - नगर पुरोहित पाठक



21 दिसंबर की हुई घटना के बाद से लगातार तीन दिनों से हो रहे धरना प्रदर्शन से शहर में कही न कही तनाव की स्थिति निर्मित हुई है ऐसे में अब धर्म गुरुओं ने भी शहर की शांति और खुशहाली को देखते हुए नगर वासियों के लिए अपना संदेश दिया है शहर के सनातन धर्म मे विशेष सम्मान योग्य नगर पुरोहित मनीष पाठक ने भी वीडियो जारी कर नगर वासियों को शांति का संदेश देते हुए कहा है कि 21 तारीख को हुई हिंसा और अशान्ति का माहौल निर्मित हुआ था वह बेहद निंदनीय है लेकिन पुलिस प्रशासन की सजगता और सतर्कता से ठोस कार्यवाही से तत्काल नियंत्रण पाया। दोषियों पर ठोस कार्यवाही कर रही है ऐसे में नगर शांति और संयम का परिचय दे और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और आष्टा की शांति बनाए रखें।

### सोशल मीडिया पर एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करें-हाफिज चांद मियां



मुस्लिम समाज से भी उनके धर्म गुरु जमीयत उलेमा के जिला अध्यक्ष हाफिज चांद मियां ने भी आगे आते हुए कहा कि हमारे आष्टा की मिसाल दूसरे प्रदेश में देते हैं कि हम आष्टा के हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग भाईचारे के साथ रहते हैं और एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करते हैं हमे हमारे शहर की अमन शांति बनाई रखनी है और एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करना है इसलिए दोनों धर्मों के लोगों से अपील करता हूं कि सोशल मीडिया पर अफवाहों पर ध्यान नहीं दे और शहर के अमन चैन के लिए सहयोग करे ।


### प्रशासन ने मजबूती से जिम्मेदारी निभाई, अब शहर का अमन कायम करना हमारी जिम्मेदारी है- हरपाल ठाकुर



कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने वीडियो जारी कर शांति की अपील करते हुए कहा कि 21 दिसंबर की रात्रि में आष्टा में घटित अप्रिय घटना को प्रशासन ने अपनी सूझबूझ एवं सीमित संसाधन में तुरंत कंट्रोल किया जो एक तरह से बेहतरीन काम था। वही जिस किसी ने भी गलत किया है उसके खिलाफ तो ठोस कार्रवाई होना ही चाहिए । शहर के सभी सम्मानित नागरिकों समाजसेवी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि व्यापरीगण और छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि हमें हमारे धर्म के अनुसार जिसमें कहा जाता है की वसुदेव कुटुंबकम पूरा विश्व हमारा परिवार है और हम बोलते हैं कि प्राणियों में सद्भाव हो तो फिर हम इंसान और इंसान के बीच में नफरत कैसे कर सकते हैं हरपाल ठाकुर ने शहर के नागरिकों से समाजसेवी ,राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ,व्यापारी ,छात्र-छात्राओं युवा साथियों से अपील की है की नफरत का रास्ता हमारे शहर का कभी रहा नहीं है प्रेम और सद्भाव हमारे आष्टा शहर की पहचान है उसे बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है कुछ तथाकथित लोग इतने संवेदनशील मामलों पर भी राजनीतिक रोटियां सकते हैं तो लिए हम सब मिलकर उनको अपने मकसद में कामयाब नहीं होने दें और हमारे शहर का वातावरण अच्छा करके सभी के लिए सुरक्षित माहौल पैदा करें प्रशासन अपना काम मुस्तादी से कर रहा है अब हम सब जिम्मेदारों के जवाबदारी बनती है कि हम अपने शहर को प्यार और सद्भाव का उसका मूल स्वरूप दिलाने में आगे आए

### व्यापारिक क्षेत्र है, अंचल एवं नगर की शांति का हम सबको रखना होगा ख्याल - पूर्व नपा अध्यक्ष परमार

तीन बार के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने भी नगर और अंचल के हित के लिए संदेश देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था आमजन के हितार्थ ही होती है यह प्रसन्नता की बात है कि स्थानीय प्रशासन ने बीते दिनों अलीपुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को समय रहते सम्हाल लिया । इस अवसर पर दोनों ही पक्ष के जिम्मेदार नागरिकों और अग्रणी जनों ने भी शांति और सद्भाव का संदेश विभिन्न माध्यमो से दे कर नगर में आपसी विश्वास को बढाने में अपनी भूमिका निभाई । नगर की शांति भंग करने वाले दोषियों पर निष्पक्ष रूप से कार्यवाही होनी चाहिए इसमे कोई शक नही है ।लेकिन इस बात को हमेशा देखा जाना चाहिए कि हमारा नगर व्यापार व्यवसाय में आस पास के नगरों से अग्रणी है अगर जरा सी भी अफवाह या शंका इस बात की उत्पन्न हो जाए कि कुछ बात अभी है तो हमारे नगर के व्यवसाय पर प्रभाव पड़ता है जो कि उचित नहीं है अतएव नगर की एवं अंचल की शांति का हम सबको अधिक ख्याल रखना होगा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारणी के सदस्य तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने उक्त बयान जारी करते हुए अलीपुर में हुई घटना की निंदा करते हुए नगरवासियों के धैर्य और आपसी सामंजस्य की प्रशंसा की है ।



### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, गंगा-जमुना तहजीब बनाए रखें,अफवाहों से बचे-विधायक



स्थानीय विधायक गोपाल इंजिनियर भी पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं और बुधवार को स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर घटना के जिम्मेदार दोषियों पर पर ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए हैं वही विधायक गोपाल इंजिनियर ने कहा कि शहर में अमन शांति बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है जिससे यह की गंगा जमुना तहजीब कायम रहे। वही मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं जिसने भी आष्टा की शांति बिगाड़ने का प्रयास किया था उन दोषियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा।

### हम सब संकल्प लें: अमित तिवारी



ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी ने भी वीडियो जारी कर शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि अशांति कभी धर्म नहीं हो सकती, हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती है हमने और आपने मिलकर इस शहर को सिंचा है हमारे त्यौहार अलग हो सकते हैं हमारी पूजा पद्धति अलग हो सकती है लेकिन हमारी पीड़ा और मुस्कान एक ही है यदि शहर में आग लगती है तो उसका धुआं ये नहीं पूछता कि यह घर किसका है शास्त्र भी कहते हैं अहिंसा परमो धर्म।

# बिजली कटौती और अधिक बल से क्षेत्र के ग्रामीण हो रहे परेशान, पलेवा में भी आ रहीं कई दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दिगंज



बिजली विभाग द्वारा मनमानी की जा रही है। प्रतिदिन 3 से 4 घंटे बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीणों द्वारा 181 पर भी शिकायत दर्ज करने पर भी निराकरण नहीं हो पा रहा है। ग्राम सिद्धि गंज में इतनी बिजली कटौती क्यों की जा रही है जिससे आए दिन ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। दिन एवं रात में भी घंटे बिजली गोल रहती है।

कई बार ग्रामीणों के शिकायत पर भी बिजली विभाग बार-बार इतनी बिजली कटौती क्यों कर रहा है। वही ग्राम के राजेंद्र सिंह, देवकरण सिंह ,कन्हैयालाल, गौरीशंकर, भूरेलाल, कैलाश सिंह,राकेश कुमार ,महेंद्र सिंह,आदि ग्रामीण द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग सिद्धि गंज क्षेत्र में ही इतनी बिजली कटौती क्यों कर रहे हैं। बिजली कटौती से हम ग्रामीण काफी परेशान हैं। एक बार बिजली जाने के बाद घंटे तक बिजली का इंतजार करना पड़ता है। वही ग्राम सिद्दीकगंज के अंतर्गत 50 से 60 गांव आते हैं सभी गांव की बिजली सिद्दीकगंज फिटर से ही हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग मनमानी से ही अधिक बिल दे रहे हैं। जबकि हमारे घरों में इतनी बिजली की खपत ही नहीं हो रही है। बिजली विभाग मनचाहा बिजली बिल थमा रहे हैं। बिजली विभाग की मनमानी के चलते हम सिद्धि गंज क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान है ग्राम सिद्दीकगंज के अंतर्गत श्यामपुर मगदा, पीथापुर, नर्पा खेड़ी, बर्रुखाल, रूपकुंड धर्मपुरी सामरी बांदा, बरखेड़ी, गोविंदपुरा, अमरपुरा, टप्पर बुराना खेड़ी, धूराडा कला आदि ग्रामीण हे सभी ग्राम के लोग बिजली कटौती से काफी परेशान है। कैलाश, नॉन सिंह, ग्राम श्यामपुर मगरदा का कहना है कि हम आसपास के गांव के लोग हमारा निजी काम करवाने सिद्धि गंज आते हैं। पर हमें लाइट नहीं मिलती है तो दिन भर हम सिद्धि गंज में ही रहते हैं। जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के लोग अपना काम के लिए सिद्धि गंज आते जाते हैं पर बिजली कटौती से हम काफी परेशान हैं। हमें घंटों इंतजार करना पड़ता हैकिसानों को भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है जिस कारण किसान अपने खेतों में समय पर पलावा नहीं हो रहा है।

इससे किसानों की फसल सूख रही है। बिजली विभाग की मनमानी के चलते बिजली कटौती की जा रही है क्षेत्र में ना तो कोई उच्च अधिकारी या क्षेत्र विधायक भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे जिससे ग्रामीणों व किसानों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# स्वामी विवेकानंद योजना के तहत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में 19 से 25 दिसंबर तक स्वामी विवेकानंद योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई महाविद्यालय में इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर भीमसेन मालवीय ने सुशासन के मूल्यो, प्रशासन पारदर्शिता तथा शासन प्रशासन तक जनता की पहुंच के बारे में विस्तार से बताया साथ ही उन्होंने नागरिक अधिकारों के बारे में बताएं और इस विषय पर समूह चर्चा भी महाविद्यालय में की गई। मालवीय ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार निर्णय किसी योजनाएं चलाई हैं जिससे लोगों की शासन प्रशासन और सरकार तक सुगम पहुंच स्थापित हुई है इस अवसर पर उन्होंने ऐसी अनेक योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत डिजिटल इंडिया सहित अनेक ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में बताया जिससे सुशासन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण मदद मिली है।

### संदीपनि स्कूल में याशिका ने मनाया जन्मदिन

**सीहोर।** नगर की होनहार प्रतिभावान नन्ही यूटयूबर याशिका सरकार ने अपना जन्मदिन शहर के संदीपनि विद्यालय में मनाया। इस मौके पर नन्ही यूटयूबर याशिका ने उपस्थिति विद्यार्थियों से अनुभव साझा किया। और विद्यार्थियों पुस्तकें भेंट की। विद्यार्थियों ने याशिका को जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दी। याशिका सरमार ने विद्यार्थियों मोटीवेट किया। विद्यार्थियों ने भी याशिका से सोशल मीडिया पर उनके द्वारा साझा वीडियो पर चर्चा की और सराहना की। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य दीपसिंह राठौर, सूबेदार प्राची राजपूत, प्रदीप सरकार, बाबूलाल सूर्यवंशी, अंकुर राठौर सहित स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।



मानस सम्मेलन तृतीय दिवस बाल संत बोले-राम कथा में जाओगे तो तर जाओगे

# नारी गृहस्थ जीवन की सारथी होती हैं: रामस्वरूपाचार्य महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय मानस भवन मै आयोजित मानस सम्मेलन के तृतीय दिवस पर व्यास पीठ पर विराजित पूजन बाल संत प्रियांशु जी महाराज का अखंड ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर अभिवादन किया गया।

राम कथा - सम्मेलन के तृतीय दिवस पर पधारे बाल संत पूज्य प्रियांशु जी महाराज ने राम कथा जो राम सीता विवाह से प्रारंभ की, तत्पश्चात भगवान का वनवास, वन में राम भारत मिलन, माता सीता हरण, लंका दहन का सारा वृत्तान्त सुनाया।

अंत में भगवान अयोध्या पधारे, सारी अयोध्या में दीप प्रज्वलित हुए। आगे गुरुदेव ने बताया कि गंगा में नहाने जाओगे तो डुबकी लगा के आ जाओगे पर राम कथा में जाओगे तो तर जाओगे, कथा सुनने के लिए दो घड़ी की जरूरत होती है, एक दीवार घड़ी ओर एक दिल की घड़ी, दीवार घड़ी से समय कटेगा पर दिल की घड़ी से सुनोगे तो आनंद को पा जाओगे। सम्मेलन के तृतीय दिवस पूज्य। जगदगुरू रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने कथा का श्रवण करते हुए कहा कि नारी गृहस्थ जीवन की सारथी होती है।

जिस प्रकार सारथी अपने रथ को अपनी मंजिल तक पहुंचाता है, उसी प्रकार ग्रहणी अपने ग्रहस्थ जीवन को लेकर चलती है। आगे परम पूज्य गुरूदेव ने रामकथा का श्रवण कराते हुए भगवान श्री राम ओर माता कैक्य के संवाद का वर्णन किया। जगदगुरू के प्रवचन के पूर्व समिति के सदस्यो एवं विशिष्ठ अतिथियों द्वारा पादुका पूजन किया गया।

सम्मेलन के तृतिय दिवस के उपरांत समिति के अध्यक्ष नारायण मुकाती ने नगर एवं ग्राम के नागरिको से विनम्र निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पूज्य संतो के मुखार्ग बिंद से प्राप्त हो रही श्रीरामचरित मानस कथा का धर्म लाभ अर्जित करे। कथा के अंत में प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित थे।

# आष्टा ने अपने पहले क्रिकेट मैच में देवास को 15 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरूवार को एवरग्रीन स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब आष्टा ने उज्जैन मुख्यमंत्री कप में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 157 रन बनाए। जिसमें टीम के खिलाड़ी राहुल गुणवान 45 जोयेब खान 22 फिरोज अली ने 20 रन कप्तान राहुल वाल्मीकि 17 रन बनाए।

जिसमें देवास लक्ष्य का पीछा करते हुए देवास टीम 142 रनों पर सिमटी जिसमें राहुल गुणवान 4 विकेट ओर राहुल ने ऑलराउंडर प्रदान के लिए मेन ऑफ द मैच 500 रुपए ओर ट्रॉफी दी गई ।